भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-2206**

उत्तर देने की तारीख-05/08/2024

**अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्गों के अधिकारी**

†2206. **एडवोकेट चन्द्र शेखर:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिनांक 1.7.2014 से 1.1.2024 तक की अवधि के दौरान मंत्रालय में अपर सचिवों, संयुक्त सचिवों और निदेशकों की वर्ष-वार और पद-वार कुल संख्या कितनी है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान मंत्रालय में अपर सचिव, संयुक्त सचिव और निदेशक के पदों पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अधिकारियों की वर्ष-वार और पद-वार संख्या कितनी है; और
(ग) उक्त अवधि के दौरान मंत्रालय में तैनात अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणी के आईएएस/आईपीएस/आईआरएस/आईएफएस अधिकारियों की सेवा, जाति, वर्ष और पद-वार सूची का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) से (ग) केंद्रीय स्टाफिंग योजना/केंद्रीय सचिवालय सेवा के तहत शिक्षा मंत्रालय के मुख्य सचिवालय में संबंधित स्वीकृत पदों के सापेक्ष अपर सचिव, संयुक्त सचिव और निदेशक/उप सचिव के रूप में अधिकारियों की तैनाती कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीएंडटी) द्वारा की जाने वाली एक सतत प्रक्रिया है। दिनांक 01.07.2014 से 01.01.2024 तक की अवधि के दौरान तैनात ऐसे अधिकारियों की संख्या **अनुलग्नक** में उपलब्ध है। इस मंत्रालय में सेवारत ऐसे अधिकारियों के सेवा रिकार्ड में उपलब्ध विवरण के अनुसार (दिनांक 01.01.2024 तक की स्थिति के अनुसार), अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित 11 (ग्यारह) अधिकारी (9 अनुसूचित जाति और 2 अनुसूचित जनजाति) निदेशक/उप सचिव के रूप में कार्यरत थे, जिनमें से 1 (एक) अधिकारी (एसटी) आईएएस संवर्ग से संबंधित था।

**अनुलग्नक**

**माननीय संसद सदस्य, एडवोकेट चन्द्र शेखर द्वारा “अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्गों के अधिकारी” के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2206 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| क्र. सं. | दिनांक | अपर सचिव | | संयुक्त सचिव | | निदेशक/उप-सचिव | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत पद | पदस्थ | स्वीकृत पद | पदस्थ | स्वीकृत पद | पदस्थ |
| 1. | 01.07.2014 | 02 | 02 | 10 | 08 | 48 | 45 |
| 2. | 01.07.2015 | 02 | 01 | 10 | 10 | 48 | 40 |
| 3. | 01.07.2016 | 02 | 02 | 10 | 10 | 48 | 43 |
| 4. | 01.07.2017 | 02 | 01 | 10 | 10 | 48 | 36 |
| 5. | 01.07.2018 | 02 | 01 | 10 | 10 | 48 | 26 |
| 6. | 01.07.2019 | 02 | 01 | 10 | 10 | 53 | 41 |
| 7. | 01.07.2020 | 02 | 01 | 10 | 10 | 53 | 41 |
| 8. | 01.07.2021 | 02 | 03 | 10 | 09 | 53 | 47 |
| 9. | 01.07.2022 | 02 | 04 | 10 | 06 | 53 | 47 |
| 10. | 01.07.2023 | 02 | 02 | 10 | 08 | 53 | 49 |
| 11. | 01.01.2024 | 02 | 02 | 10 | 10 | 53 | 46 |

*****